# भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वाधान में विशाल तिरंगा रैली का आयोजन

## आजादी के अमृतकाल में हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली निकाली

**ब्यावर,** (निसं)। आजादी के अमृतकाल में हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मंगलवार को भाजपा शहर मंडल की ओर से विशाल तिरंगा रैली आयोजित हुई। रैली को 1008 स्वामी श्री कपिल मुनि जी महाराज और भाजपा अजमेर देहात जिला अध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाराणा प्रताप मंडल के तिरंगा रैली विशाल तिरंगा रैली ब्यावर के सुभाष चौक अजमेरी गेट से और आशापुरा माता मंडल तिरंगा रैली मेवाड़ी गेट महाराणा प्रताप सर्कल से शुरू होकर एकता सर्कल पहुंची जहां दोनों मंडलों की विशाल तिरंगा रैली शाम छः बजे महात्मा गांधी सर्किल, चांगगेट पर पहुंची।



रैली को कपिल मुनि जी महाराज और भाजपा अजमेर देहात जिला अध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

तिरंगा रैली में 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री कपिल मुनि जी महाराज के सानिध्य में संतगण, जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षगण, मातृशक्ति सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए। मंडल महामंत्री सन्तोष जाठात ने बताया कि रैली का मार्ग में कई जगह पर स्थानीय लोगों द्वारा स्वागत किया। यात्रा में डीजे और ढोल ताल पर बड़ी संख्या युवा, महिला, एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय और देशभक्ति के तराने गाते हुए चांगगेट पहुंचे। तिरंगा रैली के समापन मौके पर स्वामी कपिल मुनि जी महाराज एवं अजमेर देहात जिला अध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा सहित वरिष्ठजनों ने सभी आजादी के योद्धाओं को नमन किया।

अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने लोगों से अपील कर कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को वह अपने घरों पर या प्रतिष्ठानों पर 15 अगस्त पर फहराऐं, जिससे उनके मन में देश को आजादी दिलाने वाले वीर सेनानियों के बलिदान की स्मृतियां जीवंत रहे और देशभक्ति का भाव भी हर पल बना रहे। आज हम इसी प्रकार तिरंगे के रंग में जन-जन व मन-मन मे रंगे रहें।इस दौरान जिला महामंत्री पवन जैन, जिला मंत्री बृजकिशोर शर्मा, शिव प्रकाश सामरिया, करण सिंह रावत, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष चेतन गोयर, मंडल अध्यक्ष नरेश मित्तल, जीतेन्द्र कांवडिया, पार्षद रवि चौहान, मुन्नी देवी गहलोत, प्रीति शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष तारा सोनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक चौहान, एससी मोर्चा अध्यक्ष विपिन गुजराती, दीपक दगदी, मंडल महामंत्री सत्येंद्र यादव, नवल किशोर मुरारका, जिला कार्यकारिणी सदस्य पप्पू यादव, ललित जालान, मंजू जांगिड़, लीला रावत, गायत्री साहू, नटवर अरोड़ा, अरिहंत कांकरिया गुलशन सोनी, प्रिंस मखाना दिलीप जैन, जय जागृत लोकेश भट्ट इकबाल जावेद मंसूरी डीके जैन शोभाग खौरवाल, शंकर लाल जागरिवाल, मनीष बंसल अंकुर मित्तल मानिक मोदी विजय तंवर रामेश्वर गहलोत संजय भाटी देवकीशन भाटी मनन गहलोत जीतू शर्मा कालु जीनगर, कुशाल गहलोत मुकेश सैनी नवीन तंवर, कमल जाजोरिया गणेश भाटी मोहित माली हर्ष जागृत,यस तवर नरेंद्र टेलर मंडल उपाध्यक्ष श्रीकिशन जांगिड़ देवीदास सोनी मंडल महामंत्री विजय दगदी महामंत्री हर घर तिरंगा अभियान संयोजक हिमांशु शर्मा मंत्री कुंज बिहारी तोलंबिया सुरेश गहलोत कंचन रावत, पार्षद दशरथ कुमार वेदराज भाटी महिला मोर्चा पुष्पा आसवानी युवा मोर्चा अध्यक्ष गोलू पहलवान हर घर तिरंगा अभियान सह संयोजक महामंत्री राजेश जांगिड़ मोर्चा उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह मनु शर्मा सौरभ सोनी, लोकेंद्र पवांर चन्दन बिलोनिया रोहित भाटी वैभव भादा धीरज मेहुल जोशी राहुल शर्मा, नितेश, चिराग प्रकाश माली, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष बजरंग प्रजापति, हेमंत तुनगरिय, किसान मार्च अध्यक्ष प्रदीप कड़ीवाल प्रवीण सिंह विनोद सिंह नरेश सिंह हेमराज विक्रम सिंह सोहन सिंह जय सिंह भाटी कमल वैष्णव बंटी राजपूत, मोनू दगदी यश प्रिंस मयंक सुनील विजय, अर्पित भवनेश राहुल आदि सैकड़ो कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित थे।

## एस.डी.एम. को ज्ञापन सौंपा

**पुष्कर,** (निसं)। तीर्थ नगरी पुष्कर में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में पुष्कर के हिंदू समाज में रोष व्याप्त हो रखा है। इसी कड़ी में मंगलवार को सकल हिंदू समाज की ओर से पुष्कर में विशाल रैली निकालकर एसडीओं को ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को सकल हिंदू समाज के कार्यकर्ता पुष्कर के कपालेश्वर मंदिर में एकत्रित हुए तथा सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने कपालेश्वर तिराये से रेली शुरू की ओर ब्रह्मा मंदिर ब्रह्म चौक गऊ घाट बद्री घाट वराह घाट नए रंगजी का मंदिर गुरुद्वारा रामधाम तिरये होते हुए नारेबाजी करते एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां उपखंड अधिकारी की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार नीलिमा राठौड़ को ज्ञापन सोपाकर बांग्लादेश में किए जा रहे हिन्दुओं पर हिंसक व अमानवीय अत्याचारों के विरोध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कपालेश्वर महादेव महंत सेवानंद गिरी महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार गलत है हिंदूओ के साथ अत्याचार करने वालों को फांसी की सजा दी जाए तथा हिंदूओ को सुरक्षा प्रदान की जाए ।वही रामसखा आश्रम के महंत नंदा राम जी महाराज ने कहा की हिंदूओ के साथ पाकिस्तान अफगानिस्तान बांग्लादेश में काफी अत्याचार हो रहा है।

## सार-समाचार

### भजन संध्या का आयोजन

**मेडता सिटी,** (निसं)। 520वें मीरा जयंती महोत्सव के तत्वाधान में सोमवार रात को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया । भजन संध्या के भीलवाड़ा की मशहूर कलाकार आकृति मिश्रा एब विशाल कविया सीकर द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई । भजन संध्या कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायधीश आशा शर्मा , मेडता उपखंड अधिकारी पूनम चोयाल, मेडता व्रताधिकारी पिंटू कुमार , मेडता तहसीलदार रामसुख गुर्जर, ब्यावर आयुक्त श्रवण राम चौधरी , ट्रस्टी सत्यदेव सिंह सांदु , ओमप्रकाश, सत्यनारायण अग्रवाल थे। कार्यक्रम गोविन्द मिनरल मांकपुर के द्वारा सौजन्य के रूप में हुवा। महोत्सव सचिव नरेंद्र लाहोटी ने बताया कि सात दिवसीय मीरा जयंती महोत्सव के तहत आकृति मिश्रा द्वारा विशाला भजन संध्या का आयोजन किया गया। उपमुख्य मंत्री दिव्या कुमारी आज मेड़ता में मीरा जयंती महोत्सव में मीरा बाई के दर्शन करने राजस्थान सरकार की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी बुधवार मेड़ता दौरे पर रहेंगे । जिसको लेकर मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू ने मीरा जयंती महोत्सव के पदाधिकारियों के साथ मिलकर रूप रेखा को बैठक ली और वार्ता की ।

### सरवाड़ किले का निरीक्षण किया

**सरवाड़,** (निसं)। केकड़ी विधायक गौतम की पहल पर सरवाड़ में पहली बार आयोजित होगा रंगारंग समारोह वहीं जिला कलेक्टर श्वेता चौहान ने दिये अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जिला प्रशासन द्वारा 15 अगस्त की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित होगा इस आयोजन में शहर साहित आसपास के गांवों से लोग पहुंचेंगे 15 अगस्त की आज पूर्व संध्या पर सरवाड़ किले में सांस्कृतिक संध्या व कवि सम्मेलन प्रख्यात कालबेलिया डांसर व गुलाबो डांसर की पुत्री राखी सपेरा देगी अपने नृत्य की प्रस्तुति देगी इस मौके पर शहर में पहली बार होने वाले कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्सुकता है निरीक्षण के दौरान केकड़ी एसडीएम सुभाषचन्द्र हेमानी नगर परिषद आयुक्त बंटी राजपूत सरवाड़ तहसीलदार रणछोड़ लाल व सरवाड़ थाना प्रभारी सत्यवान मीणा भाजपा नेता हरि मोहन शर्मा सरवाड़ नगर पालिका कार्मिक भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्यारेलाल खींची एडवोकेट अजय पारिक साहित अन्य ने किले का निरीक्षण किया।

### उद्घाटन समारोह का आयोजन

**भीलवाडा,** (निसं)। सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को प्राचार्य डॉ सावन कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल की प्रभारी डॉ शोभा गौतम ने छात्राओं को कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रदान दी । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घनश्याम शर्मा ने छात्राओं को कहा कि करियर का चुनाव करते समय युवाओं को राष्ट्रिहत का ध्यान रखना चाहिए । उन्होंने कहा कि चाहे छात्राएं जो भी करियर चुने लेकिन मन में देश की सेवा का भाव जरूर होना चाहिए । प्राचार्य डॉ सावन कुमार जांगिड़ ने कहा कि युवाओं को अपनी रुचि एवं देश हित को ध्यान में रखते हुए करियर चुनना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सह आचार्य डॉ शोभा गौतम द्वारा लिखित पुस्तक 'भारत-मालदीव संबंध' का विमोचन भी किया गया।

### जैन समाज का सामूहिक एकासन तप आज

**अजमेर,** (कासं)। वैशाली नगर स्थित श्री जैन श्वेताबंर संस्था रत्न संघ के अष्टम पट्टधर आचार्य हीराचंद्र महाराज की आज्ञानुवर्तिनी महासती दर्शनलता, कांताजी व सुप्रिया के सानिध्य में भावी आचार्य महेन्द्र मुनि सा का 71वां जन्म दिवस बुधवार को त्याग व तपस्या के साथ जैन समाज द्वारा मनाया जाएगा। महासती दर्शनलता महाराज का चार्तुमास चल रहा है। श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ अजमेर के पदाधिकारी प्रकाश बाफना व पीएम दोषी ने बताया कि बुधवार को श्री जैन श्वेतामबंर संस्था द्वारा जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा 100 से अधिक एकासन तप के प्रत्याख्यान करेंगे। स्थानक में ही सामूहिक एकासन होंगे जिसके लाभार्थी विवेक मंजूला मुणोत रहेंगे। प्रवक्ता सीपी कटारिया ने बताया कि वैशालीनगर स्थानक व स्वाध्याय भवन पुष्कर रोड पर नियमित प्रवचन प्रातः 9 से 10 बजे तक हो रहे है। वैशालीनगर स्थानक में दोपहर को धर्म शिक्षा व धर्म चर्चा होगी।

### 30 छात्राओं को किए उपहार भेट

**अजमेर,** (कासं)। श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवं युवा महिला संभाग अजमेर की गोधा गवाड़ी इकाई के तत्वावधान में शास्त्री नगर स्थित लाडली घर की 30 दृष्टि बाधित छात्राओं को स्वरूचि भोज के साथ दैनिक जीवन में आने वाली सामग्रियों के उपहार भेंट किये गये। इस अवसर पर इन सभी छात्राओं को मिठाई एवं फल फ्रूट भी वितरित किए गए। श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी ने इस अवसर पर कहां की दृष्टिबाधिता जीवन का एक अधूरापन है लेकिन इसे चुनौतियों के साथ स्वीकार करते हुए आगे बढा ही जीवन का लक्ष्य होना चाहिए।

### उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**सरवाड़,** (निसं)। सरवाड़ सकल हिंन्दू समाज के तत्वावधान में आज सरवाड़ उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा वहीं ज्ञापन में बताया गया कि भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओ के उत्पीड़न के विरोध में आज मंगलवार को सरवाड शहर दोपहर तक बन्द रहा वही बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर हिन्दू उत्सव समिति सरवाड द्वारा क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम की मौजूदगी में क्षेत्रीय उपखण्ड अधिकारी को देश के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न को रोकने की मांग की।

### वाहन रैली निकाली

**नागौर,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा वाहन रैली निकाली गई आगामी 15 अगस्त को हर घर तिरंगा लगे ऐसी प्रेरणा मिले इस उद्देश्य से पार्टी के सभी वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता इस तिरंगा यात्रा और वाहन रैली में शामिल हुए पूर्व विधायक एंव पूर्व जिलाध्यक्ष मोहनराम चौधरी, ने सभी कार्यकर्ताओ को एंव शहरवासियो को हर-घर तिरंगा लगाने का आवहान किया।

# दामाद ने ससुर, साले और पत्नी पर किया जानलेवा हमला

## स्वयं का काटा गला, हालत गंभीर, अस्पताल में उपचार जारी

**अजमेर,** (कासं)। रामगंज थाना क्षेत्र के अजय नगर के गुर्जर बास वाली गली में उस समय चीख पुकार मच गई जब दामाद ने अपने ससुर, साले और अपनी पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला कर जख्मी कर दिया और बाद में खुद का भी गला काट लिया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से जेएलएन अस्पताल पहुंचाया और घटना सूचना पुलिस को दी। जेएलएन अस्पताल में चिकित्सकों की टीम उपचार में जुटी है, दामाद की हालात गंभीर है। समाचार लिखे जाने तक अस्पताल पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार रामगंज थाना क्षेत्र के अजय नगर गुज्जर बास वाली गली में मंगलवार को दोपहर दो बजे उस समय हडकंप मच गयाए जब एक दामाद मनोज कुमार ने अपने ससुर राजीवए साले हेमेंद्र और पत्नी बीना पर चाकुओं से हमला कर जख्मी कर दिया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जेएलएन अस्पताल पहुंचा और घटना की सूचना रामगंज थाना पुलिस को दी। जेएलएन अस्पताल में सभी घायलों का इलाज जारी है। सूचना पर जेएलएन अस्पताल पहुंची पुलिस सभी पूछताछ में जुटी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हमला किन कारणों से किया गया। जानकारी के अनुसार हमले 3 लोग गंभीर घायल हैं।

**पति-पत्नी के बीच चल रहा था विवादः-** रामगंज थाना प्रभारी रविंद्र खींची ने बताया कि अजय नगर निवासी मनोज उर्फ टिंकू और उसकी पत्नी बीना गुज्जर बास स्थित अपने घर पर थे। ससुर राजीव और साला हेमेंद्र पाली से घर आए हुए थे। पति-पत्नी के बीच कोई आपसी विवाद चल रहा था। इस दौरान आपस में चल रही बातची के दौरान चाकूबाजी की घटना सामने आई है। इसमें मनोज, राजीव और हेमेंद्र गंभीर घायल हैं, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। मनोज की हालत गंभीर बनी हुई है। आपसी विवाद सामने आ रहा है।

## अखंड भारत दिवस, तैयारियां अंतिम चरण में

**ब्यावर,** (निसं)। अखंड भारत की कल्पना पुनः साकार हो लक्ष्य को ध्यान में रखकर 15 अगस्त के स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम से एक दिन पूर्व प्रतिवर्ष 14 अगस्त को 'अखंड भारत संकल्प दिवस' मनाया जा रहा है।

इस वर्ष इस कार्यक्रम को अखंड भारत संकल्प समिति, ब्यावर के बैनर तले वृहद स्तर पर आयोजित किया जा रहा है, यह भव्य कार्यक्रम दोपहर 4 बजे से प्रारंभ होगा। समिति के संयोजक आसकरण कुमावत ने बताया कि बुधवार को 150 महापुरुष एवं क्रांतिकारियों के चित्र के माध्यम से एक विशाल प्रदर्शनी का कार्यक्रम रखा गया है। यह प्रदर्शनी कार्यक्रम महादेव जी की छत्री से अजमेरी गेट के मध्य प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी 15 अगस्त, गुरुवार को दोपहर 2 बजे तक अवलोकनार्थ रहेगी।

# आरोपी होटल संचालक को 20 साल की सजा

- 51 हजार के अर्थदंड से दंडित
- दस वर्षीय मासूम को बनाया था हवस का शिकार

**अजमेर,** (कासं)। दस वर्षीय मासूम से दुष्कर्म करने वाले आरोपी होटल संचालक को मंगलवार को अजमेर की पॉक्सो कोर्ट संख्या-2 के न्यायाधीश ने 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 51 हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

अजमेर पॉक्सो कोर्ट संख्या-2 के विशिष्ट लोक अभियोजक विक्रम सिंह शेखावत ने बताया कि 15 मार्च 2022 को अजमेर के कोतवाली थाने में पीडित् मां ने थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया था। मां ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी 10 साल की बेटी को होटल संचालक अर्जुन उर्फ आदिल बहला फुसलाकर ले गया और उसके साथ रेप किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा दर्ज कर उसी दिन आरोपी होटल संचालक को गिरफ्तार कर लिया था। विशिष्ट लोक अभियोजक विक्रम सिंह शेखावत ने बताया कि मंगलवार को पोक्सो कोर्ट 2 में मामले की सुनवाई हुई।

अभियोजन पक्ष की ओर से 14 गवाह और 51 दस्तावेज पेश किए गए। न्यायाधीश ने मामले में आरोपी नला बाजार निवासी अर्जुन उर्फ आदिल को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ 51 हजार का आर्थिक दंड भी लगाया है। जज ने टिप्पणी करते हुए लिखा कि बच्चों के साथ बढ़ते अपराध को देखते हुए आरोपी के प्रति नरमी बरतना उचित नहीं है।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यको की सुरक्षा के लिए दिया ज्ञापन

- बांग्लादेश में शांति स्थापित कर हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने के लिए शीघ्र उचित हस्तक्षेप करने की मांग

**अजमेर,** (कासं)। पड़ोसी देश बांग्लादेश में हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, नरसंहार व लूटपाट के विरोध में अति कलेक्टर अजमेर को दिनेश चौधरी, रामस्वरूप यादव, मुकेश पचौरी, अजय वर्मा, दिनेश व संदीप ने मंगलवार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया।

एडवोकेट दिनेश चौधरी ने बताया कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में सरकार के तख्ता पलट के बाद वहां हिंदू और अन्य अल्पसंख्यकों के मकान, दुकान व पूजा स्थल पर लगातार हमले कर तोड़फोड़, लूटपाट व आगजनी कर अल्पसंख्यको को मारा जा रहा है और महिलाओं के साथ दरिंदगी कर रहे हैं। यह अत्यंत दुखद मार्मिक व अंदर से झकझोर देने वाली पीड़ा दे रहा है। हमारी भारत सरकार से यह मांग है कि वह बांग्लादेश में शांति स्थापित कर हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शीघ्र उचित हस्तक्षेप करें। साथ ही भारत में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या व बांग्लादेशी घुसपैठिए भी भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। देश में कभी भी कोई भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। इसलिए उन्हें शीघ्रातिशीघ्र चिन्हित कर देश से बाहर निकाला जाए। कांग्रेस पार्टी व इंडी गठबंधन को भी बांग्लादेश हिंसा पर अपना रुख स्पष्ट करने की आवश्यकता है। वह एक तरफ हमास में मारे गए आतंकियों के समर्थन में तो रहती है।

# अजमेर में रेजीडेंट ने दूसरे दिन भी कार्य बहिष्कार कर किया प्रदर्शन

**अजमेर,** (कासं)। कोलकत्ता में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या करने के मामले को लेकर मंगलवार दूसरे दिन भी अजमेर जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के रेजीडेंट डॉक्टरों ने कार्य बहिष्कार कर आपातकाली विभाग के विरोध प्रदर्शन किया। दोषियों को सजा और मृत के परिजन को मुआवजा सहित न्याय दिलाने की मांग की। कार्य बहिष्कार के चलते अस्पताल में आपातकालीन सेवाएं सुचारू रखी गई।

रेजीडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलराज मीणा ने बताया कि कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में गत दिनों हुई महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के यौन उत्पीड? और हत्या को लेकर प्रदेश भर के रेजीडेंट डॉक्टरों द्वारा कार्य बहिष्कार के विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। मंगलवार को अजमेर में भी रेजीडेंट डॉक्टरों ने कार्य बहिष्कार कर विरोध



आपातकालीन विभाग के बाहर कार्यबहिष्कार कर विरोध जताया।

प्रदर्शन किया और मामले में दोषी को कठोर से कठोर सजा देने, मृतका के परिवार को न्याय व मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने मांग कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टरों की मांगों को स्वीकार किया जाना चाहिए और कार्रवाई की जानी चाहिए। घटना का विरोध कर रहे डॉक्टरों पर पुलिस बर्बरता या दुर्व्यवहार नहीं होना चाहिए। शांतिपूर्वक विरोध करने के उनके अधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए।

मीणा ने बताया कि अगर उनकी मांगे है कि केंद्र सरकार को सभी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा कर्मियों की सुरक्षा के लिए एक अनिवार्य प्रोटोकॉल जारी करना चाहिए और उसे लागू करना चाहिए, जिससे इसका सख्ती से पालन सुनिश्चित हो सकें। सेंट्रल हेल्थकेयर प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने में तेजी लाने के लिए मेडिकल एसोसिएशन और कम्युनिटी वाली एक्सपर्ट कमेटी का तत्काल गठन किया जाना चाहिए। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर सीबीआई जांच की जाए। पीडित् परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए। साथ ही अन्य मांगे सरकार के सामने रखी गई है। सभी मांगे पूरी नहीं हुई तो सभी डॉक्टर्स आंदोलन पर उतरेंगे।

मंगलवार को सुबह जैसे ही रेजीडेंट डॉक्टरों के कार्य बहिष्कार आंदोलन की जानकारी अस्पताल अधीक्षक डॉ.अरविंद खरे को मिली तो उन्होंने अस्पताल में स्थाई वरिष्ठ चिकित्सकों और स्थाई चिकित्सकों को तैनात कर दिया, जिन्होंने ओपीडी में आने वाले मरीज के उपचार की व्यवस्था को संभाला और इसी प्रकार जहां-जहां रेजीडेंट अस्पताल में सेवाएं दे रहे थे, वहां रेजीडेंट के स्थान पर स्थाई चिकित्सकों और वरिष्ठ चिकित्सकों ने मोर्चा संभाला।

# 'वीर दुर्गादास की जयंती सभी के लिये प्रेरणा का स्त्रोत'

## राजपूत सभा समिति की और से राजपूत सभा भवन में वीर दुर्गादास राठौड़ की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। राजपूत सभा समिति की और से राजपूत सभा भवन में वीर दुर्गादास राठौड़ की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, महाराजा बृजराज सिंह, पूर्व विधायक जगजीत सिंह, से. नि आईजी बीएसएफ मदनसिंह राठौड़ व नगर परिषद सभापति दिनेश सिंह राठौड़ अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने वीर दुर्गादास राठौड़ की वीरता को लेकर कहा की उदारता, कर्तव्यनिष्ठा, कर्तव्य परायणता व धर्म परायणता क्षित्रय समाज के विशेष गुण माने जाते हैं, वीर दुर्गादास राठौड़ में इन सब गुणो का समावेश देखने को मिलता है, ऐसे महापुरुष की जयंती सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। महाराजा किशनगढ़ बृजराज सिंह ने कहा कि वीर दुर्गादास के बिना राजस्थान में वीरों का इतिहास अधूरा है। पूर्व विधायक जगजीत सिंह ने कहा कि वीर दुर्गादास





वीर दुर्गादास राठौड़ की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई।

द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने और उनके आदर्शों को आत्मसात करने से मनोबल मजबूत होता है।

से.नि आईजी मदनसिंह राठौड़ ने उनकी स्वामीभक्ति, कर्तव्य परायणता व देशभक्ति का यशोगान किया। सभापति दिनेश सिंह राठौड़ ने वीर दुर्गादास जैसे योद्धा, संत व कर्मवीर को समूचे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। मार्बल उद्यमी प्रताप सिंह शेखावत ने वीर दुर्गादास और वर्तमान में उनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके गुणो को आत्मसात करने का आव्हान किया।अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर भूपेंद्र सिंह राठौड़ ने भी वीर दुर्गादास राठौड़ को आदर्श चरित्र का उत्तम उदाहरण बताया। राजपूत सभा समिति अध्यक्ष उदयसिंह राठौड़ तोलामल व सचिव सुमेर सिंह राठौड़ ने जयंती का महत्व बताते हुए वीर दुर्गादास राठौड़ के पदचिन्हो पर चलकर समाज को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

शिक्षा, खेल व सरकारी सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया। अध्यक्ष उदयसिंह तोलामाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने आर के कम्युनिटी सेंटर में विराजमान जैनार्चाय सुनील सागर महाराज सहित मुनि संसघ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

इस दौरान सभापति दिनेश सिंह राठौड़, अजमेर नगर निगम उप महापौर नीरज जैन, समाजसेवी प्रताप सिंह शेखावत सहित गणमान्यजन मौजूद रहे।

## रिश्वत प्रकरण में हैड-कॉन्स्टेबल सस्पेंड

**नागौर,** (निसं)। नागौर के सदर थाने में सोमवार को 80 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़े गए हैड कॉन्स्टेबल जालम सिंह को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा 2 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है।जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने बताया- एसीबी मामले की जांच कर रही है। फिलहाल 80 हजार रुपए के साथ पकड़े गए हैड कॉन्स्टेबल जालम सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है और सदर थानाधिकारी अजय कुमार व रीडर महादेव टांडी को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक टोगस ने बताया कि हैड कॉन्स्टेबल जालम सिंह को जिस मामले में राशि मिली, उस मुकदमे की तफ्तीश सीआई अजय कुमार कर रहे थे। एसीबी ने भी मामले को लेकर सीआई व रीडर की भूमिका संदिग्ध पाई है। इसलिए मामला अनुसंधानाधीन होने के कारण थानाधिकारी अजय कुमार और रीडर महादेव टांडी को लाइन हाजिर किया गया है।

हालांकि सीआई अजय कुमार की जगह किसी को सदर थानाधिकारी की कमान नहीं दी गई है। इधर एसीबी एएसपी कल्पना सोलंकी ने बताया कि हैड कॉन्स्टेबल जालम सिंह से पूछताछ के आधार पर कॉन्स्टबल जालम सिंह से पूछताछ के आधार पर सीआई व रीडर की भूमिका की जांच की जा रही है।

# मिनरल फाउन्डेशन ट्रस्ट की गवर्निंग काउंसिल की 12 वीं बैठक आयोजित

## 'प्रत्येक तहसील में एक गांव 'मॉडल विलेज' के रूप में होगा विकसित'

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट की गवर्निंग काउंसिल की बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष, डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट नमित मेहता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सांसद दामोदर अग्रवाल, सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया, आसीन्द विधायक जब्बर सिंह सांखला, माण्डलगढ विधायक गोपाललाल शर्मा, जहाजपुर विधायक गोपीचन्द मीणा, भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, शाहपुरा विधायक लालाराम बैरवा एवं नामित ट्रस्टी उपस्थित थे।

बैठक में सांसद दामोदर अग्रवाल की पहल पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भीलवाड़ा और शाहपुरा जिले की प्रत्येक तहसील में एक गांव 'मॉडल विलेज' के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक मॉडल विलेज के लिए 2 करोड़ का बजट डीएमएफटी के माध्यम से दिया जाएगा। इसके लिए जिला कलक्टर नमित मेहता



जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष, डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट नमित मेहता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

ने सीईओ शिवपाल जाट को मॉडल विलेज में हॉस्पिटल, स्कूल, खेल मैदान, तालाब आदि विकसित करने और सफाई व्यवस्था एवं गांव को हरा भरा बनाकर आदर्श गांव के रूप में विकसित करने के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान सांसद अग्रवाल ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सारे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय से पूर्ण करायें। साथ ही जिम्मेदारी व बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को इनका लाभ दिलाया जा सके।

बैठक में पर्यावरण का ध्यान रखने और प्रदूषण कम करने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक क्षेत्र को सघन वन के रूप से विकसित करने का निर्णय भी सर्वसम्मति से लिया गया। इसके साथ ही कोठारी नदी के संरक्षण और उसके किनारे के क्षेत्र के विकास के लिए कार्ययोजना बनाकर डीएमएफटी के माध्यम से रिवर फ्रंट के विकास करने का निर्णय लिया गया।

